हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, शनिवार, 18 अक्टूबर 2025
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 26. 0 डिग्री

8 दीक्षांत समारोह में सुरेश को मिली पीएचडी की उपाधि



## खबर संक्षेप

### प्लेसमेंट श्रमिकों को मानदेय नहीं मिलने से नपाध्यक्ष का अनशन आज से

**अकलतरा।** नगर पालिका परिषद के प्लेसमेंट श्रमिकों को त्योहार में शासन के आदेश के बाद भी पूरे महिने के पेमेंट नहीं होने तथा नगर में प्रकाश व्यवस्था नहीं होने पर क्षुब्ध होकर नगर पालिका अध्यक्ष दीप्ति रोहित सारथी के द्वारा 18 अक्टूबर से अकलतरा नगर पालिका कार्यालय भवन में अपने समर्थकों के साथ अनिश्चत काल के लिए अनशन पर बैठने का निर्णय लिया गया है। दीप्ति रोहित सारथी के द्वारा एसडीएम को पत्र लिखकर यह जानकारी प्रदान की गई है। उन्होंने कहा है कि नगर पालिका के प्लेसमेंट कर्मियों को मानदेय नहीं प्रदान किया गया है साथ ही नगर में लाइट व्यवस्था का अभाव है जिसके चलते उन्होंने दिवाली का त्यौहार नहीं मनाने का निर्णय लिया है साथ ही 18 अक्टूबर से नगर पालिका कार्यालय परिसर में अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठने की बात कही है।

### तीन दिवसीय छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस मनेगा 2 से 4 तक

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस कार्यक्रमों की तैयारी के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस के अवसर पर जिले में 2 नवंबर से 4 नवंबर तीन दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा शासन की उपलब्धियों, योजनाओं एवं परियोजनाओं पर आधारित विकास प्रदर्शनी लगाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। साथ ही, स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आयोजित की जाएँ, जिनमें छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति की झलक दिखाई दे। उन्होंने 1 से 5 नवंबर तक सभी जिला मुख्यालयों के शासकीय भवनों पर रोशनी करने के निर्देश दिए।

### उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत 25 तक

**सक्ती।** राज्य के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर के उच्च व्यावसायिक संस्थानों जैसे आईआईटी, एम्स, आईआईएम, एनएलयू, एमबीबीएस, एनआईटी, आदि में चयन उपरांत प्रवेश प्राप्त करने हेतु आर्थिक सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना संचालित की जा रही है। सत्र 2025-26 के लिए पात्र अभ्यर्थी 25 अक्टूबर तक निर्धारित प्रपत्र में आवेदन कर सकते हैं। प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर के उच्च व्यावसायिक संस्थानों जैसे आईआईटी, एम्स, आईआईएम, एनएलयू, एमबीबीएस, एनआईटी में मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना संचालित की जा रही है।

### लैटरल एंट्री परीक्षा के लिए आवेदन आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय चिस्दा में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा 9वीं एवं 11वीं में रिक्त सीट के लिए ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किया गया है। आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 07 अक्टूबर 2025 तक विस्तारित की गई है। प्राचार्य पीएम स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय चिस्दा ने बताया कि इच्छुक विद्यार्थी जो कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु शैक्षणिक सत्र 2025-26 में जिले के किसी सी.बी.एस.ई. अथवा राज्य सरकार से मान्यता प्राप्त विद्यालय से कक्षा 8वीं में अध्ययनरत विद्यार्थी जिनकी जन्म तिथि 1 मई 2011 से 31 जुलाई 2013 तक हो नवोदय विद्यालय समिति के वेबसाईट पर एवं कक्षा 11वीं में प्रवेश हेतु शैक्षणिक सत्र 2025-26 में जिले के किसी सी.बी.एस.ई. अथवा राज्य सरकार से मान्यता प्राप्त विद्यालय से कक्षा 10वीं में अध्ययनरत विद्यार्थी जिनकी जन्म तिथि 1 जून 2009 से 31 जुलाई 2011 तक हो नवोदय विद्यालय समिति के वेबसाईट पर ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं।

## जिले के व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में करोड़ों के कारोबार की उम्मीद

# सज गया धनतेरस का बाजार दीपों का पर्व दीपावली आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा



धनतेरस को लेकर सजा बाजार।

धनतेरस के लिए बाजार पूरी तरह सजकर तैयार है। इस बार त्योहारों में खरीदारी के लिए उमड़ रहे ग्राहकों को ध्यान में रखकर व्यापारी अपने दुकानों में पर्याप्त मात्रा में स्टॉक मंगा लिए है। खरीदारी में लोगों के उत्साह को देखते हुए इस वर्ष धनतेरस में लगभग करोड़ों रुपए का कारोबार होने की उम्मीद जताई जा रही है।

साल का सबसे बड़ा त्यौहार 20 अक्टूबर को मनाया जाएगा। । इसकी शुरूआत शनिवार 18 अक्टूबर को धनतेरस के साथ हो रही है। धनतेरस को लेकर धार्मिक मान्यता है कि इस दिन खरीदी करने से धन धान्य की बढ़ोतरी होती है। इसको लेकर जिला मुख्यालय जांजगीर समेत जिले के चांपा, अकलतरा, पामगढ़, बम्हनीडीह, शिवरीनारायण, बलौदा सहित जिले के अन्य शहरों व कस्बाई क्षेत्र के दुकानों में रौनक बढ़ गई है। धनतेरस की खरीदी को शुभ माना गया है यही वजह है कि इलेक्ट्रानिक आयटम, दो पहिया और चार पहिया वाहनों के अलावा सोने चांदी के ज्वेलरी का एडवांश बुकिंग करा लिए हैं। धनतेरस पर सोना, चाँदी, पीतल, आभूषण, बर्तन, नए कपड़े सहित अन्य सामान खरीदने की परंपरा है। इस दिन धनिया और झाड़ू खरीदना भी काफी शुभ माना जाता है। सोना चांदी के दामों में रिकार्ड बढ़ोतरी के बावजूद सोना-चांदी के गहनों की डिमांड बनी हुई है। इसके चलते धनतेरस के शुभ मुहूर्त में इसके अच्छी बिक्री होने की उमीद है। इस दिन चांदी के लक्ष्मी और गणेश वाले 5 से 10 ग्राम वजनी सिक्कों के अलावा लक्ष्मी-गणेश की मूर्ति, चांदी की थाली, कटोरी, गिलास और चमच की डिमांड सबसे अधिक होती है, जिसके चलते इनकी अच्छी स्टॉक तैयार हैं। धनतेरस के लिए बर्तन दुकानदारों ने भी अच्छी तैयारी की है। इस दिन पीतल के बर्तन खरीदना शुभ माना जाता था लेकिन आज लोग अपनी सुविधा के अनुसार जरूरत के बर्तन खरीदते हैं। ऐसे बर्तन व्यापारी ग्राहकों की पसंद को देखते हुए पीलत और कांसा के अलावा डिजाइनर, मैट फिनिस कलर कॉपर, इंडक्शन वेस एल्युमीनियम के बर्तन मंगाए हैं। ऑटोमोबाइल सेक्टर में भी इस बार वाहनों की अच्छी बुकिंग हुई है। ग्राहकों को कई तरह के आकर्षक ऑफर दिए जा रहे हैं। वाहनों की पूछपरख और ग्राहकों का उत्साह को देखते हुए इस सेक्टर में लगभग 50 फीसदी उछाल आने की संभावना है। इसके अलावा इलेक्ट्रानिक, कपड़ा, जनरल स्टोर्स आदि दुकानों में भी रौनक देखी जा रही है।

### आज होगी धनवंतरी की पूजा

धनतेरस पर धन की देवी मां लक्ष्मी की स्थापना के साथ आयुर्वेद के देवता भगवान धनवंतरी की पूजा करने का विधान है। इसको लेकर घरों में साफ सफाई के साथ पूजा की तैयारी हो गई है। वैसे तो दीपावली पर दीया जलाने की शुरूआत धनतेरस से होती है, लेकिन बिजली के झालर पहले दिन से ही लग गए है।

## सजा पटाखों का बाजार...



**जांजगीर-चांपा।** रोशनी का महापर्व शनिवार को धनतेरस के साथ प्रारंभ हो रहा है। दीपावली को लेकर बच्चे व युवा जमकर पटाखा जलाते है। जिसके लिए पटाखों का बाजार हाईस्कूल मैदान जांजगीर में सजकर तैयार हो गया है।

# छात्रों से स्कूल में रंगाई-पुताई आत्मानंद के प्राचार्य को हटाया

## कलेक्टर ने अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए भेजा प्रतिवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगाकोहरौद

महात्मा ज्योतिबा राव फुले आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय, डोंगाकोहरौद के प्रभारी प्राचार्य व्याख्याता एल.बी. को पद से हटा दिया गया है। उनके विरुद्ध प्राप्त गंभीर शिकायतों की जांच में आरोप सत्य पाए गए।

जांच में यह पाया गया कि प्रभारी प्राचार्य कुंज किशोर ने विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से साफ-सफाई एवं रंगाई-पुताई जैसे कार्य करवाए, बोर्ड परीक्षा के नाम पर अतिरिक्त राशि वसूली, खेल यूनिफॉर्म खरीदी के लिए छात्रों पर दबाव डाला, प्रायोजना कार्य में अंक कम देने की धमकी दी, तथा अध्यापन कार्य में लापरवाही बरती। जिला शिक्षा अधिकारी ए.के. सिन्हा द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन के आधार पर, कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशानुसार कुंज किशोर को तत्काल प्रभाव से महात्मा ज्योतिबा राव फुले आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय डोंगाकोहरौद के प्रभारी प्राचार्य पद से मुक्त करते हुए, उन्हें शासकीय हाई स्कूल भुईगांव में आगामी आदेश तक अध्यापन कार्य संपादन हेतु पदस्थ किया गया है। इसके साथ ही कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने इस पूरे प्रकरण पर गंभीरता से विचार करते हुए, अनुशासनात्मक कार्रवाई की अनुशंसा हेतु प्रतिवेदन राज्य संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय, इन्द्रावती भवन, अटल नगर, नवा रायपुर को प्रेषित किया है।

# पटाखा बिक्री के दौरान सुरक्षा मानकों का कड़ाई से करें पालन : पाण्डेय



सुरक्षा मानकों के बारे में जानकारी देते पुलिसकर्मी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

दीपावली त्यौहार के दौरान सुरक्षा मानको का ध्यान रखते हुए पटाखा की बिक्री को लेकर एसपी ने निर्देश जारी किए है। इसी के परिपालन में अपर कलेक्टर सहित अन्य अधिकारियों ने पटाखा व्यवसायियों की बैठक ली। साथ ही नियमों का कडाई से पालन करने निर्देश दिए।

ज्ञात हो कि कलेक्टर जन्मेजय महोबे एवं पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय के निर्देशन में जिले में फटाका बिक्री के दौरान सुरक्षा मानकों के पालन को लेकर प्रशासन ने सख्ती बरती है। इसी कड़ी में शुक्रवार 17 अकटूबर को अपर कलेक्टर आर के तम्बोली, एसडीएम जांजगीर सुब्रत प्रधान, जिला कमांडेंट सुश्री योग्यता साहू , मुख्य नगर पालिका अधिकारी तथा पुलिस विभाग के अधिकारियों द्वारा पटाखा व्यवसायियों की संयुक्त बैठक ली गई। बैठक में अधिकारियों ने सभी व्यवसायियों को निर्धारित दिशानिर्देशों का कड़ाई से पालन करने के लिए कहा । फटाका बाजार क्षेत्र में दो पानी के टैंकर तथा एक दमकल वाहन की व्यवस्था की गई है, ताकि किसी भी आकस्मिक स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जा सके। इसके अलावा फायर एंड सेफ्टी टीम द्वारा डेमो प्रदर्शित कर व्यापारियों को सुरक्षा के व्यावहारिक उपायों की जानकारी दी गई। जिला प्रशासन ने सभी व्यवसायियों से अपील की है कि वे सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करें ।

# एनआरसी में कार्यरत अटेंडर व कुक को 6 माह से नहीं मिला वेतन, हो रही आर्थिक समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

पोषण पुर्नवास केन्द्रों में कार्यरत एक दर्जन से अधिक अटेंडर व कुक को 6 माह से वेतन नहीं मिला

- दर्जन भर से अधिक कर्मचारियों को हो रही परेशानी




एनआरसी में कार्यरत कर्मचारी।

है। जिसके चलते उनके सामने आर्थिक समस्या खड़ी हो रही है। खास बात यह है कि इस बार उनकी दीपावली फीकी रह जाएगी। गौरतलब है कि पोषण पुर्नवास केन्द्र एनआरसी में कार्यरत एक दर्जन से अधिक अटेंडर व कुक को 6 माह से वेतन नहीं मिला है। जिसके चलते उन्हें आर्थिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बच्चों के फीस से लेकर राशन की समस्या पैदा हो रही है। इसे लेकर पोषण पुर्नवास केन्द्रों में कार्यरत 14 कर्मचारियों को 6 माह से वेतन नहीं मिला है। इस समस्या को लेकर कर्मचारियों के द्वारा शुक्रवार 17 अक्टूबर को कलेक्टोरेट कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। इस बीच जल्द से जल्द वेतन भुगतान की मांग की गई है। खास बात यह है कि इस दीपावली के दौरान कर्मचारियों को वेतन नहीं मिलने से उनकी दीपावली फीकी रह सकती है। ज्ञापन सौंपने वाले कर्मचारियों में अनिल बघेल, ज्योति जाहिरे, सुशीला भारद्वाज, शारदा भारत, सविता दिवाकर, धनंजय लहरे, शुभम दिवाकर, विरेन्द्र पाटले, वृन्दा यादव शामिल है।

# झलमला प्राथमिक विद्यालय के बच्चों के भोजन में निकला कीड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

शिक्षा विकासखंड अंतर्गत आने वाले प्राथमिक विद्यालय टाडपारा झलमला में बच्चों को दिए जाने वाले मध्याह्न भोजन में कीड़ा मिलने पर बच्चों के द्वारा चावल खाने से इनकार करते हुए इसकी शिकायत प्रधान पाठक से की गई।

प्रधान पाठक मुनीष कैवर्त के द्वारा मध्यान भोजन में कीड़ा मिलने एवं इसके बाद मध्यान भोजन बनाने वाली नारी शक्ति महिला स्व सहायता समूह के द्वारा पीडीएस से प्राप्त होने वाले कीड़ा युक्त एवं गुणवत्ताहीन चावल के चलते मध्यान भोजन बनाने से इनकार करने की जानकारी विकासखंड शिक्षा कार्यालय में दी गई। इस बीच किसी व्यक्ति के द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला टांड़पारा झलमला के मध्यान भोजन में कीड़ा युक्त चावल परोसे जाने का वीडियो बनाकर वायरल कर दिया गया जो विकासखंड शिक्षा अधिकारी देवकांत द्विवेदी के पास भी पहुंची। हालांकि प्रधान पाठक द्वारा भी शाला समापन के पश्चात बीईओ कार्यालय में जाकर घटना की सूचना प्रदान की गई। घटना के बाद महिला स्व सहायता समूह के द्वारा शाला में मध्यान भोजन बनाना बंद कर दिया गया जिसके चलते दूसरे दिन बच्चों को मध्यान भोजन नहीं मिल सका। इस संबंध में जानकार सूत्रों ने बताया कि नागरिक आपूर्ति निगम के द्वारा गुणवत्ताहीन चावल प्रदान किया जा रहा है। शालाओं तथा क्षेत्र के नागरिकों को अतिरिक्त रूप से चावल की सफाई करने की आवश्यकता पड़ रही है।



इस संबंध में डीईओ अशोक सिन्हा का कहना है कि टांडपारा झलमला के प्राथमिक स्कूल के मध्यान्ह भोजन में कीड़ा मिलने की जानकारी लेकर समुचित कार्रवाई की जाएगी।

# छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ को मिला कैबिनेट मंत्री का दर्जा

**अकलतरा।** छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह सहित अन्य निगम मंडल के अध्यक्षों को कैबिनेट व राज्य मंत्री का दर्जा प्रदान किया गया है। इस आशय की जानकारी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के द्वारा प्रदान किए जाने के बाद सौरभ सिंह के द्वारा मुख्यमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के संगठन के प्रति आभार व्यक्त किया गया साथ ही अथक परिश्रम एवं पारदर्शिता के साथ छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम में निहित संसाधनों का उच्चतम उपयोग करते हुए प्रदेश की जनता के लिए विकास के नए सोपान तय करने की प्रतिबद्धता जताई गई है। सौरभ सिंह को कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त होने पर अकलतरा नगर एवं क्षेत्र की जनता उत्साह एवं हर्ष व्याप्त है। छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह सहित अन्य निगम मंडल के अध्यक्षों को कैबिनेट व राज्य मंत्री का दर्जा दिया गया है।



## सार्वजनिक वितरण प्रणाली के दुकानों का अफसर कर रहे निरीक्षण

# जिला गठन के बाद सक्ती में 34 हजार 132 नए परिवारों को मिला राशन कार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

जिला गठन के बाद सक्ती जिले में 34 हजार 132 नए परिवारों का राशन कार्ड बनाया गया है। कुल मिलाकर सक्ती जिले में 2 लाख 42 हजार 661 राशन कार्ड प्रचलन आ गए है। इस तरह पात्रता के आधार पर गरीब परिवारों को सस्ता चावल शासन द्वारा उपलब्ध कराया जा रहा है।



गौरतलब है कि सक्ती जिले के गठन के पूर्व सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत 2 लाख 8 हजार 5 सौ उन्तीस राशन कार्ड प्रचलन में थे। जबकि जिला गठन के बाद वर्तमान में यह संख्या बढ़कर 2 लाख 42 हजार 6 सौ इक्सठ हो गई है। इस प्रकार जिला बनने के बाद 34 हजार एक सौ बत्तीस नए परिवार को राशनकार्ड बनाकर लाभान्वित किया जा रहा हैं। यह बढ़ोतरी जिले में जनकल्याण और समावेशी विकास की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि है। जिससे आमजन सीधे-सीधे लाभान्वित हो पा रहे है। सक्ती जिला गठन के बाद सार्वजनिक वितरण प्रणाली ने न केवल अपने विस्तार का नया आयाम प्राप्त किया है, बल्कि पारदर्शिता, दक्षता और जनहित के क्षेत्र में एक उदाहरण भी पेश किया है। खाद्यान्न आबंटन में वृद्धिः हर परिवार तक पहुंचे राशन नवगठित सक्ती जिला बनने के बाद खाद्यान्न आबंटन में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। जिला बनने के पूर्व 67 हजार छत्तीस मीट्रिक टन चावल, 1 हजार 8 सौ इकत्तीस मीट्रिक टन रिफाईड नमक, 1 हजार 8 सौ 28 मीट्रिक टन शक्कर का आबंटन प्राप्त होता था। जिला बनने के बाद 76 हजार 5 सौ 88 मीट्रिक टन चावल, 2 हजार 2 सौ 44 मीट्रिक टन रिफाईड नमक, 2 हजार 2 सौ 41 मीट्रिक टन शक्कर का आवंटन प्राप्त होता है। इस प्रकार आबंटन में 9 हजार 5 सौ 52 मीट्रिक टन चावल, 4 सौ 13 मीट्रिक टन रिफाईंड नमक, 4 सौ 13 मीट्रिक टन शक्कर अधिक प्राप्त हो रहा है। नवगठित सक्ती जिला निर्माण के बाद सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत 8 उचित मूल्य दुकानों की संख्या मे भी वृद्धि हुई है। जिला बनने के पूर्व में 341 उचित मूल्य दुकानें संचालित थीं तथा वर्तमान में जिला बनने के बाद 349 उचित मूल्य दुकानें संचालित हो रही हैं। सभी उचित मूल्य दुकानों को ई-पॉस मशीनों से जोड़ा गया है, जिससे वितरण प्रणाली में पारदर्शिता, जवाबदेही और त्वरित सुविधा सुनिश्चित हुई है। जनसेवा में प्रशासन की प्रतिबद्धता कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में जिले में खाद्य विभाग सक्ती द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली को आदर्श स्वरूप देने की दिशा में सतत प्रयास किए जा रहे हैं।

# नाबालिग को भगाकर किया अनाचार आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवरी-सारागांव

नाबालिग बालिका को बहला फुसलाकर भगा ले जाकर अनाचार करने वाला आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामला सारागांव थाना का है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 21 मई की सुबह करीबन 7 बजे अज्ञात ब्यक्ति द्वारा नाबालिक बालिका को बहला फूसलाकर भगाकर कहीं ले गया था जिसकी सूचना रिपोर्ट पर थाना सरगांव में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। विवेचना के दौरान उसके कब्जे से अपहता को सकुशल बरामद किया। पुलिस ने आरोपी को घटना के संबंध में पूछताछ



करने पर नाबालिक बालिका को शादी करने का झांसा देकर बहला फुसलाकर भगाकर जिला रायपुर तरफ ले जाना पाया गया। आरोपी द्वारा जुर्म स्वीकार किए जाने पर उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। कार्यवाही मे निरीक्षक सुभाष चौबे थाना प्रभारी सारागांव, सउनि कृष्ण कुमार कोशले, आरक्षक शंकर जयकिशन, ईश्वर पटेल, महिला आरक्षक ममता पटेल एवं थाना स्टाफ सारागांव का योगदान रहा।



Rera no. PCGRERA190925001968
www.rera.cgstate.gov.in
ORA MAKERS
Own your real asset.
A FESTIVE WELCOME AWAITS AT YOUR NEW ADDRESS OF SERENE LANDSCAPED GARDENS.
CLASSICAL FROM OUTSIDE. MODERN FROM INSIDE.
Bilaspur's Most Awaited Premium Township of DEVELOPED PLOTS and 2, 3, 4 & 5 BHK ROYAL BUNGALOWS
New Town
Own it!
Shrine+91 98337 11720
Grand Entrance Gate - A majestic welcome every day
Modern Garden Spaces – Thoughtfully planned for leisure
Elegant Clubhouse - Designed for recreation and togetherness
Fully Equipped Gymnasium – Stay fit and active
Lavish Swimming Pool with Kids' Pool – Fun for all ages
Indoor & Outdoor Games – Recreation at your doorstep
Yoga, Meditation & Jogging Spaces – Wellness made easy
TO AVAIL Diwali PRE-LAUNCH OFFER, CALL:
98931 13444/ 98931 28333
New Town, Beside Kanan Pendari Zoological Garden, 4386 + 5FR Sakri, Mungeli Road, Bilaspur (C.G.)

## टीपीनगर चौक पर किया गया धरना प्रदर्शन

# जर्जर सड़क को लेकर शहरवासियों में आक्रोश सभापति के साथ सड़क पर उतरे नागरिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के सड़कों की दूर्दशा को लेकर पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत गुरूवार को निगम सभापति नूतन सिंह ठाकुर की अगुवाई में ट्रांसफर नगर चौक में विशाल धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। जिले के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में नागरिक धरना में शामिल हुए और जिला प्रशासन के खिलाफ अपना आक्रोश व्यक्त किया।



टीपी नगर चौक में प्रदर्शन करते स्थानीय स्थानीय नागरिक।



भीड़ को संबोधित करते निगम सभापति नूतन सिंह ठाकुर एवं अन्य।

निगम सभापति नूतन सिंह ठाकुर सहित विभिन्न संगठनों ने शहर में सड़कों की दूर्दशा को लेकर कई बार जिला प्रशासन एवं नगर निगम को ज्ञापन देकर सड़कों की दशा सुधारने की मांग रखी थी, बावजूद इसके जिला व नगर प्रशासन की ओर से सकारात्मक पहल नहीं होने कारण जिले के नागरिकों का आक्रोश फूट पड़ा। सैकड़ों की संख्या में महिलाएं, युवा और नागरिक धरना प्रदर्शन में शामिल हुए। सभापति नूतनसिंह ठाकुर ने कहा कि अधिकारी जनप्रतिनिधियों की आवाज नहीं सुन रहे हैं, शासन के करोड़ों रुपए व्यर्थ फुंके जा रहे हैं। यह धरना प्रदर्शन शासन प्रशासन को होश में लाने का शांतिपूर्ण प्रयास है, इसके बाद भी सड़कों की स्थिति नहीं सुधरी तो दिवाली के बाद आम नागरिकों के साथ मिलकर उग्र प्रदर्शन किया जाएगा। आंदोलन में छत्तीसगढ़ क्रांति सेना, छत्तीसगढ़ जोहर पार्टी, आम आदमी पार्टी, जिला अधिवक्ता संघ, जिला ऑटो संघ, सिटी मिनी बस यूनियन, भूस्थापित कामगार संगठन, किसान संगठन, कुसमुंडा व्यापारी संघ सहित नगर निगम के कई पार्षद और विभिन्न समाज के प्रमुखों ने धरना स्थल पर पहुंचकर आंदोलन का समर्थन किया। इस दौरान पार्षद अब्दुल रहमान, विनम्र तिवारी, टामेश अग्रवाल, श्रीमती प्रीति दिनेश शर्मा, पूर्व पार्षद परमजीत सिंह पप्पी, महेश अग्रवाल, दिनेश सोनी, संतोष कैवर्त, छत्तीसगढ़ क्रांति सी की मुखिया दिलीप मेरी, अतुलदास, जोहर पार्टी के नेता सोनू राठौर, जैनेंद्र कुर्रे, श्रीमती चंचल, कुसमुंडा व्यापारी संघ के मुखिया ओम गभेल, सुरेंद्र राठौर, आम आदमी पार्टी की नेता आनंद सिंह, शत्रुघ्न साहू, किसान नेता दिलहरण सारथी, जोगीराम पटेल, भूस्थापित कामगार संगठन के अध्यक्ष अशोक कुमार पटेल, जिला अधिवक्ता संघ कोरबा के अध्यक्ष गणेश कुलदीप, आटो संघ कोरबा के उपाध्यक्ष पंकज तिवारी, सिटी मिनी बस यूनियन के नेता धनेश्वर साहू सहित अनेक नेताओं ने धरना को संबोधित करते हुए सड़कों के विनाश के लिए जिला प्रशासन को दोषी ठहराया।

# खाद्य सुरक्षा विभाग ने हरियाणा जलेबी से लेकर कटनी स्थित चार मीनार तक ठोंका जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दीपावली से क्रिसमस तक त्योहारों का यह सीजन लज्जतदार पकवानों और मिठाइयों से भरपूर बाजारों का है। घर-घर की डिमांग पीक पर होती है और ऐसे में जायके की आड़ में मिलावट और गुणवत्ता से समझौता कर खराब खाद्य सामग्रियों को खपाने की कोशिशें भी सामने आती हैं। जायके के कारोबार के बहाने लोगों की सेहत से खिलवाड़ करने वालों पर पैनी निगाह रखते हुए खाद्य नियंत्रक दीपक अग्रवाल के मार्गदर्शन में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम मुस्तैदी से जांच एवं सैम्पलिंग की कार्यवाही की जा रही है।

**खास बातें**

- प्रतिष्ठानों द्वारा एफएसएसएआई के नियमों का पालन नहीं करने पर की गई कार्यवाही
- बिलासपुर से पहुंची थी एमएफटीएल फूड वैन, डेयरियों में की गई जांच



कार्यवाही करते विभाग की टीम।

### इन प्रतिष्ठानों में की गई जांच, लिए गए सैंपल

बुधवार और गुरवार न्यू मधु स्वीट्स निहारिका से सलोनी नमकीन, नेचुरल स्वीट्स निहारिका से बनारसी लड्डु और पंजाबी मठी, बालको स्थित रामा मधुबन डेयरी से चिकन चिल्ली का सैंपल जांच हेतु लिया गया। बिलासपुर से पहुंची एमएफटीएलफूड वैन द्वारा विभिन्न डेयरी शॉप में जांच की गई और जनता में जन जागरूकता फैलाई गई। एफएसएसएआई के दिशा निर्देशों के अनुसार लाइसेंस डिस्प्ले करने, साफ सफाई रखने, हैंड ग्लोब एप्रोन हेड कवर उसे करने, फूड कलर यूज करने, इत्यादि उपयोग करने और नियमों का पालन करने को कहा गया।

### जहर खाकर युवक ने कर ली आत्महत्या

**कोरबा।** अज्ञात कारणों के चलते 5 दिनों पूर्व 21 वषीय युवक ने अपने घर में रखे किसी कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया था। तबियत बिगड़ने पर उसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया था। जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। मामला उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भलपहरी की है। यहां निवासरत परदेशी सिदार का 21 वर्षीय पुत्र सूरज कुमार सिदार ने 10 अक्टूबर को घर में रखे कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया था। जिसके बाद वह गश खाकर गिर पड़ा।









धनतेरस एवं दीपावली
की आप सभी को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
HP GAS
SHIVAM HP GAS
शिवम H.P. गैस पामगढ़
पता : शिवरीनारायण रोड, पामगढ़, जिला-जांजगीर-चांपा(छ.ग.)
शिवम सिंह
वैदिका सिंह
श्रीमती समृद्धि सिंह




धनतेरस एवं दीपावली
की हार्दिक शुभकामनाएं...
शारदा कलेक्शन
कम्पलीट फैमिली शॉपिंग मॉल
शादी विवाह के कपड़े थोक भाव में प्राप्त करें
शूटिंग शर्टिंग, फैंसी सांडियां
रेडिमेड वस्त्रों के अभूतपूर्व कलेक्शन
जो आपके जीवन को खूबसूरती एवं खुशियों से भर देगा
शारदा कलेक्शन
पता : पंजाब नेशनल बैंक के सामने मेनरोड, पामगढ़
मो. 9754014231
ईश्वर प्रसाद साहू




धनतेरस एवं दीपावली
की आप सभी को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
नरेश ट्रेडर्स
एशियन पेंट, इंडिगो, रंग पेंट, डिस्टेपर, PVC/VPPC पाईप फिटिंग,
पंप, मोटर, सबमर्सिबल पंप एवं प्लाईवुड दरवाजा के विक्रेता
नरेश ट्रेडर्स
पता : मेन रोड पामगढ़ मो. 9770105505
नीलेश थवाईत
नरेश थवाईत




आर.के.TVS लाये है
बम्पर त्यौहार ऑफर
20/09/25 से 28/10/2025 तक
इस अवधि में कोई भी TVS की गाड़ी खरीदें और
पाये लक्की ड्रा में भाग लेने का मौका
प्रथम पुरस्कार फ्रीज 165 लीटर
द्वितीय पुरस्कार वाशिंग मशीन
तृतीय पुरस्कार क्राउन टीवी 32 इंच
चतुर्थ पुरस्कार मिक्सी
पंचम पुरस्कार इंडक्शन
TVS
आर. के. मोटर्स पामगढ़
R.K. MOTORS PAMGARH
आर.के. TVS
पता : ससहा रोड, पामगढ़ मो. 9522544401
उत्तम भारद्वाज
प्रोपराइटर


धनतेरस एवं दीपावली
की हार्दिक शुभकामनाएं...
Bharat Petroleum
Bharat Petroleum
पंकज सोनी
पंकज पेट्रोलियम
मेनरोड, पामगढ़ मो. 9617224530


समय बीतता गया... विश्वास बढ़ता गया...
प्रियंका फैशन
शूटिंग शर्टिंग, फैंसी सांड़ियां, रेडिमेड वस्त्रों का विशाल संग्रह
धनतेरस एवं दीपावली
की हार्दिक शुभकामनाएं...
प्रियंका फैशन
प्रियंका फैशन एवं साड़ी सेंट
कम्पलीट फैमिली शॉप
शादी विवाह के कपड़े थोक भाव में प्राप्त करें
पता : ससहा रोड, पामगढ़
मो. 7566904101
संदीप तम्बोली


धनतेरस एवं दीपावली
की हार्दिक शुभकामनाएं...
जय परमहंस ट्रेडर्स
Happy Diwali
Supreme
Total Piping Solution
opus
जय परमहंस ट्रेडर्स
बिजली सामान, पेंट, सेनेटरी आयटम,
पानी टंकी के विक्रेता
शिवम सिंह
रितेश सिंह
पता : बजरंग काम्पलेक्स, पामगढ़
मो. 7509558907


धनतेरस एवं दीपावली
की आप सभी को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
सीमा मेडिकल स्टोर्स
पता: थाना के बगल में पामगढ़, जिला-जांजगीर-चांपा
अंग्रेजी एवं
आयुर्वेदिक दवाईयों
के विक्रेता
लीली सरकार
शुभंकर सरकार
फार्मासिस्ट मो. 6264053381

## खबर संक्षेप



### वनांचल क्षेत्र में दिवाली से पहले बिरहोर समुदाय को बांटी गई सामग्री

**कोरबा।** छग शबरी सेवा संस्थान के कार्यकर्ताओं ने जिले के पाली विकासखंड से लगभग 10 किलोमीटर दूर स्थित भंडारखोल गांव पहुंचकर वहां निवासरत बिरहोर समुदाय के लोगों के बीच कपड़े, साड़ियां, खिलौने और अन्य आवश्यक सामग्री का वितरण किया। बिरहोर जनजाति लंबे समय से वन क्षेत्र में निवासरत है और आज भी कई मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। ऐसे में छत्तीसगढ़ शबरी सेवा संस्थान द्वारा किया गया यह प्रयास न केवल उनके चेहरों पर मुस्कान लाया, बल्कि उन्हें यह अहसास भी दिलाया कि समाज के मुख्यधारा के लोग उनके साथ हैं। इस अवसर पर नशा मुक्ति जनजागरूकता अभियान भी चलाया गया। इस अवसर पर अवसर पर सुरेन्द्र साहु, ब्रजराज रजक, रमेश कौशिक, धर्मेंद्र ध्रुव, निकेश ध्रुव, अर्णव, रवि, सूरज साहू, सचिन सिंह, कैलाश, पूर्णिमा, पुनीता निर्मलकर उपस्थित रहे।

### कलमीभांठा में ट्रीम नाईट डांस कम्पीटिसन का हुआ आयोजन



**मड़वारानी।** ग्राम कलमीभांठा में ट्रीम नाईट डांस कम्पीटिसन डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जनपद सदस्य किशन कोसले, सभापति जिला पंचायत, श्रीमती सावित्री अजय कंवर, विशिष्ट अतिथि के रूप में बालगोविन्द जायसवाल, गोपाल यादव, सरपंच श्रीमति तेरस कंवर एवं पंच उपस्थिति रहे। मंच संचालक नित्यनन्द यादव एवं महिला समिति ने किया। डांस प्रतियोगिता में लगभग 50 प्रतिभागियों ने अपना नृत्य प्रस्तुत किया। ग्राम कलमीभांठा में डांस प्रतियोगिता में इनाम रखा गया था। ग्रुप डांस में प्रथम पुरुष्कार 11001 रुपये, द्वितीय पुरुष्कार 8001 रुपये तृतीय पुरुस्कार 6001 रुपये चतुर्थ पुरुस्कार 5001 रुपये पंचम पुरुस्कार 4001 रुपये षष्ठम पुरुस्कार 3001 रुपये सप्तम पुरुस्कार 2001 रुपये और एकल एवं युगल डांस प्रतियोगिता में प्रथम पुरुस्कार 3001 रुपये द्वितीय पुरुस्कार 2001 रुपये तृतीय पुरुस्कार 1001 रुपये पुरुस्कार रखा गया था। कार्यक्रम को देखने के लिए आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में पहुंचे हुए थे। कार्यक्रम का आयोजन समस्त ग्रामवासी ग्राम कलमीभांठा और महिला समुह का विशेष सहयोग रहा।

### नशा मुक्त भारत अभियान के तहत महाविद्यालय में हुआ शपथ कार्यक्रम



**हरदीबाजार।** शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय हरदीबाजार में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में गुरुवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत स्वयंसेवकों व छात्र-छात्राओं को नशा मुक्त भारत अभियान को सार्थक करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ अनिल पांडेय ने नशे के जहर से युवा पीढ़ी को सतर्क करते हुए परिवार, समाज व देश को एक होकर इस अभियान को सफल बनाने में योगदान देना होगा। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने व अपने आस-पड़ोस और मित्रों को इससे सावधान रहने के लिए प्रेरित करने का संदेश दिया। कार्यक्रम अधिकारी धिकारी शिव दुबे ने विकसित भारत का स्वप्न नशामुक्त भारत के मार्ग से ही होकर जाता है। इसके अंतर्गत व्याख्यान, शपथ, राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा गोद लिए गांव में नुक्कड़ नाटक, पेंटिंग प्रतियोगिता समेत अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से आसपास के लोगों को जागरूक किया जाएगा।

जाँजगीर मार्केट
फ्री फ्री ऑफर 66% छूट
बॉन्डेड कॉब रेडिमेड कपड़ा शोरूम
1 कपड़ा खरीदने पे 2 फ्री
कॉब कम्पनी के जूते 999/- मात्र
आदित्य प्लाई एण्ड हार्डवेयर
नेताजी चौक, लिंक रोड, जांजगीर
प्रो. आदित्य शंकर सिंघानिया
मो. 6260115021, 9302362173

## दूसरे दिन भी पुलिस की तैनाती में किया गया नापी सर्वे

# एसईसीएल, प्रशासन और ग्रामीणों के साथ फिर हुई त्रिपक्षीय वार्ता



त्रिपक्षीय वार्ता के दौरान भूविस्थापित एवं अन्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदीबाजार

हरदीबाजार तहसील भवन में एसईसीएल जिला प्रशासन व ग्रामीणों के साथ त्रिपक्षीय वार्ता का आयोजन किया गया। दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक हरदीबाजार के भूविस्थापितों के साथ बैठक जारी रहा।

बैठक में बसाहट, उचित मौजा, नौकरी एवं मकानों के नापी सर्वे पर काफी गहमागहमी में चर्चा हुई। वर्ष 2004 -2010 अधिग्रहण को मिलाकर 2010 को कट ऑफ लिस्ट मानते हुए वर्ष 2004 के बाद जन्म लेने वाले बच्चे को नौकरी की पात्रता नहीं मानने, जमीन मुआवजा राशि बढ़ाने जैसे मुद्दों पर सार्थक चर्चा नहीं हो पाई। बैठक में पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर ने कहा कि बैठक सार्थक नहीं रही। वहीं सरपंच लोकेश्वर कंवर ने बताया कि बैठक में कुछ मुद्दों पर सहमति रही तो कुछ मुद्दों पर सहमति नहीं बन पाई इसलिए आगामी बैठक में अन्य शेष मुद्दों पर पुनः बैठक किया जाएगा। वहीं दूसरे दिन गुरुवार को भी हरदीबाजार में पुलिस की छावनी रही। इस दौरान एसईसीएल दीपका प्रबंधन, राजस्व विभाग के द्वारा कुछ ग्रामीणों के स्वेच्छापूर्वक मकान नापी सर्वे करवाने पर की गई जिसमें एसईसीएल के कर्मचारी व कुछ ग्रामीण उपस्थित रहे। बैठक में अपर कलेक्टर देवेंद्र पटेल, डिप्टी कलेक्टर रोहित सिंह, कटघोरा अपर कलेक्टर मनोज कुमार बंजारे, एसईसीएल दीपका जीएम संजय मिश्रा, जीएम ऑपरेशन संजीव सिंह, कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर, सरपंच लोकेश्वर कंवर, उपसरपंच रेखा जायसवाल, श्यामू जायसवाल, विधायक प्रतिनिधि नरेश टंडन, गोपाल यादव, सुरेंद्र राठौर, ब्यास राठौर, विरेंद्र राठौर, विजय जायसवाल, चंद्रकांता राठौर, प्रदीप राठौर, रामशरण कंवर, दिलीप राठौर, उमेश राठौर, कांति मधुकर, प्रियंका जयसवाल, बाबूराम राठौर, छोटेलाल पटेल, राजेश जायसवाल, दिनेश गुरुद्वान, संजय राठौर, मनीराम भारती, मनमोहन खांडे सहित बैठक में सीमित ग्रामीणों के बीच चर्चा हुई।

# फुटपाथ पर लग रही सब्जी दुकानों को वेंडिंग जोन में किया गया शिफ्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा



कार्यवाही करती निगम की टीम।

**खास बात**

- आवागमन व यातायात व्यवस्था व शहर को व्यवस्थित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

नगर निगम द्वारा कोसाबाड़ी चौक के समीप सड़क व फुटपाथ पर लगाई जा रही सब्जी व फल दुकानों को सुविधायुक्त वेंडिंग जोन में शिफ्ट किया गया। साथ ही शिफ्ट करने की कार्यवाही आगे भी की जाएगी, शहर के आवागमन में सुधार लाने, यातायात व्यवस्था को दुरूस्त करने तथा शहर को व्यवस्थित करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम माना जाएगा।

कोसाबाड़ी चौक के समीप निहारिका रोड पर सड़क के किनारे एवं फुटपाथ पर काफी लंबे समय से बांस बल्ली के माध्यम से सब्जी व फल आदि की दुकानें लगाई जा रही थी, सड़क व फुटपाथ पर इन दुकानों के लगने से वहाँ की यातायात व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा था, आवागमन बाधित होता था तथा सड़क पर अनावश्यक भीडभाड की स्थिति बन जाती थी, जिससे आमजन को अनावश्यक असुविधा भी होती थी। वहाँ पर लग रही सब्जी, फल आदि की दुकानों को व्यवस्थित करने हेतु महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के मार्गदर्शन में निगम द्वारा उक्त स्थल के समीप रिक्त स्थान पर वेडिंग जोन का निर्माण कराया गया तथा 33 दुकानें बनाई गई हैं। गुरुवार को निगम के राजस्व विभाग अमले द्वारा इन सब्जी व फल दुकानों को उक्त वेडिंग जोन में शिफ्ट कराने की कार्यवाही की गई, यह कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी, अब इन दुकानदारों को व्यवस्थित दुकानें मिल चुकी है तथा उन्हें फुटपाथ पर लग रही उनकी दुकानों को हटा दिए जाने का डर समाप्त हो चुका है। निगम द्वारा वेडिंग जोन का निर्माण कर सड़क फुटपाथ पर लगने वाली इन दुकानों को शिफ्ट किए जाने का यह कार्य वहाँ की यातायात व आवागमन व्यवस्था सुचारू करने के साथ-साथ शहर को व्यवस्थित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### एलटी लाइन की चोरी

**कोरबा।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत एफ. सी. आई. कालोनी कोसाबाडी निवासी आर.एल. देशभ्रतार उम्र 67 वर्ष पिता स्व दमोदर देशभ्रतार ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 13 अक्टूबर की सुबह लगभग 8 बजे सिक्यूरिटी गार्ड ने उसे फोन कर सूचना दी कि एलटी लइन के कॉपर वायर को किसी अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर लिया है जिसकी कीमत लगभग 15 हजार रुपए है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

# एसईसीएल दीपका क्षेत्र में बोनस विवाद पर गरमाया माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा



प्रदर्शन करते ठेका श्रमिक।

**खास बात**

- वाहन चालकों ने बोनस भुगतान को लेकर किया शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन

दीपावली से पहले बोनस भुगतान को लेकर एसईसीएल के दीपका क्षेत्र में गुरुवार को माहौल गर्म रहा। जय अम्बे रोडलाइंस कंपनी के वाहन चालकों व मजदूरों ने बोनस वितरण में देरी के खिलाफ मुख्य महाप्रबंधक कार्यालय के बाहर शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन में छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के प्रदेश संगठन मंत्री उमा गोपाल भी शामिल हुए और मजदूरों की ओर से अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि कंपनी ने दीपावली से पूर्व बोनस देने का वादा किया था, किंतु भुगतान अब तक नहीं हुआ। चालकों ने बताया कि वे एसईसीएल के लिए कोयला परिवहन कार्य करते हैं और उन्हें समय पर बोनस मिलने की अपेक्षा है। एक चालक ने कहा कि हम सिर्फ अपना हक चाहते हैं मेहनत का उचित मूल्य और समय पर बोनस। प्रदेश संगठन मंत्री उमा गोपाल ने प्रदर्शन के दौरान कहा यह आंदोलन किसी टकराव का नहीं, बल्कि न्यायसंगत अधिकारों की मांग का प्रतीक है। मजदूरों को उनका बोनस और वेतन समय पर मिलना चाहिए। उमा गोपाल ने मुख्य महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपा, जिसमें बोनस भुगतान के साथ-साथ मजदूरों के लिए बेहतर कार्य स्थितियां, सुरक्षा साधन और समय पर वेतन जैसी मांगें शामिल थीं। प्रदर्शन के दौरान एसईसीएल दीपका क्षेत्र के अधिकारियों ने बातचीत की कोशिश की और कहा कि मामला ठेकेदार कंपनी स्तर पर है, लेकिन एसईसीएल प्रबंधन श्रमिकों के हितों को ध्यान में रखते हुए शीघ्र समाधान के लिए प्रयासरत है। पेमेंट ऑफ बोनस एक्ट, 1965 के अनुसार, योग्य कर्मचारियों को न्यूनतम 8.33 प्रतिशत बोनस प्रदान किया जाना अनिवार्य है। मजदूरों ने मांग की है कि इस प्रावधान का पालन सुनिश्चित किया जाए और सभी पात्र श्रमिकों को शीघ्र बोनस दिया जाए।

### प्रबंधन व कंपनी के बीच होगी वार्ता

स्थानीय नागरिकों ने प्रदर्शन को शांतिपूर्ण बताया और कहा कि यह आवाज श्रमिक वर्ग के हितों की रक्षा के लिए है। प्रशासन ने स्थिति पर नजर रखते हुए शांति बनाए रखने की अपील की है। प्रदर्शन के बाद श्रमिकों ने उम्मीद जताई है कि प्रबंधन और कंपनी स्तर पर वार्ता के माध्यम से समस्या का समाधान शीघ्र होगा। वहीं, संगठन ने कहा कि यदि उचित निर्णय नहीं हुआ, तो आगे की रणनीति कानूनसम्मत तरीके से तय की जाएगी। दीपका में बोनस को लेकर उठी यह मांग अब श्रमिकों के अधिकारों की बड़ी बहस का रूप ले रही है। फिलहाल, स्थिति शांतिपूर्ण है और सभी पक्ष समाधान की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

### रोके गये बोनस की मांग हुई पूरी

एसईसीएल कुसमुंडा खदान में एसकेएसएल समानता कंपनी में कार्यरत मजदूरों के द्वारा 2 वर्ष की बोनस की मांग को लेकर चलाए जा रहे आंदोलन में छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना एवं जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी ने प्रत्यक्ष रूप से समर्थन प्रदान किया। मजदूरों के हक-अधिकारों की रक्षा के लिए संगठन के पदाधिकारियों ने कहा है कि एकजुट होकर संघर्ष को तेज किया। एसकेएसएल प्रबंधन ने मजदूरों की सभी मांगों को स्वीकार कर लिया है।

# त्यौहार में सुरक्षा को लेकर पुलिस ने किया लोगों को अलर्ट

**कोरबा।** दीपावली महोत्सव को लेकर सुरक्षा एवं सावधानी के संबंध में आम नागरिकों को पुलिस अलर्ट किया है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन में पुलिस द्वारा दीपावली पर्व को सुरक्षित, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने नागरिकों से सावधानियों का पालन करने की अपील की गई है।

पुलिस ने आम जनता से कहा कि बाजार में खरीदारी के समय सावधानी बरतें। भीड़भाड़ वाले बाजारों में अपने कीमती आभूषण, पर्स, मोबाइल आदि का विशेष ध्यान रखें। खरीदारी के बाद अपने बैग, थैले या वाहन के डिब्बे (डिग्गी) में मूल्यवान वस्तुएं खुले रूप में न रखें। वाहन को सुरक्षित स्थान पर ही पार्क करें और लॉक अवश्य करें। बैंक एवं एटीएम लेनदेन के समय सतर्क रहें। बैंक या एटीएम से पैसे निकालते समय आसपास की गतिविधियों पर नजर रखें। किसी अजनबी की अनावश्यक सहायता स्वीकार न करें। निकाली गई राशि को सुरक्षित रखें और उसे खुले में प्रदर्शित न करें। दुकानदारों एवं व्यापारियों से अपील की गई है कि अपनी दुकान/प्रतिष्ठान में पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरे लगाएं और उनकी कार्यप्रणाली की नियमित जांच करें।

# सफाई कामगार ड्रेस व सुरक्षा साधनों के साथ करें सफाई कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

निगम आयुक्त ने गुरुवार को दर्री क्षेत्र की सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण कर अधिकारियों व सफाई कार्यएजेंसियों को कडे.निर्देश देते हुए कहा कि सफाई कार्यों में संलग्न सफाई मित्र, कामगार व स्वच्छता दीदियाँ कार्य स्थल पर निर्धारित ड्रेस पहने एवं आवश्यक सुरक्षा साधनों के साथ ही साफ-सफाई का कार्य करें, यह अंतिम रूप से सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने विभिन्न कार्य स्थलों पर पहुंचकर सफाई कामगारों का भौतिक सत्यापन किया तथा कहा कि जिन कामगारों को जो बीट आबंटित किए गए हैं, वे अपने निर्धारित बीट पर कार्य करें, सफाई कार्य निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप किए जाएं, यह भी सुनिश्चित कराएं। आयुक्त श्री पाण्डेय ने प्रत्येक स्वच्छता बीट में स्वच्छतादूत पट्टिका के फ्लेक्सी बोर्ड लगाएं, जिस पर संबंधित सफाई मित्र की आईडेन्टिटी के साथ संबंधित स्वच्छता कमांडो व सुपरवाईजर के नाम एवं मोबाईल नंबर अंकित हों, ताकि आमनागरिक इसके आधार पर सफाई से जुड़ी समस्याओं व तथ्यों की सूचना देकर उनका तत्काल निराकरण पा सकें।

### पार्षद ने क्षेत्रवासियों की मदद से कुंए में गिरी गाय को बाहर निकाला



**कोरबा** नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा के वार्ड क्रमांक 13 के पार्षद अश्वनी मिश्रा द्वारा बंटी राजपूत के घर के कुंए में गिरे गाय को क्षेत्रवासियों की मदद से सुरक्षित निकाला गया है। पार्षद को जैसे ही गौ माता की कुंए में गिरने की सूचना मिली वह खुद मौके पर पहुंचे। यहां रस्सा और बांस से गाय को निकालने के लिए सहारा बनाया गया, बांस की ऐसी लेयर बनाई गई जिससे गाय बांस के ऊपर चढ़ जाए और उसे ऊपर खींचा जा सके। इसके नीचे ईंट को बांधा गया, जिससे रस्सा से बंधा बांस पानी के नीचे चला गया और गाय ऊपर चढ़ गई।

# कटघोरा को जिला बनाने की मांग पर अधिवक्ता संघ ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटघोरा



**खास बात**

- एक नवंबर तक मांग पूरी नहीं हुई तो फिर होगा आंदोलन

कटघोरा को जिला बनाने की मांग को लेकर अधिवक्ता संघ कटघोरा ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों के साथ क्षेत्र के कई सामाजिक संगठनों ने भी समर्थन जताया। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजेश पाल ने कहा कि कटघोरा को जिला बनाने की मांग पिछले दो वर्षों से लगातार उठाई जा रही है। इस विषय पर पूर्व में धरना एवं आंदोलन भी किया गया था लेकिन अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि यदि 1 नवंबर तक कटघोरा को जिला घोषित नहीं किया जाता है तो अधिवक्ता संघ पुनः आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। इस अवसर पर भुवनेश्वर दीक्षित, नरेश अग्रवाल, पवन जायसवाल, यज्ञदत्त जायनाल, अमित सिन्हा, सोमदत्त, दिनेश निषाद, महेश कवर्त, रवि आहूजा, रजनी महंत, रेनू त्रिवेदी, व्यास नारायण, राजू भारद्वाज, मनोहर, बी.राम, रवि पत्ता, नेपाल सिंह, दशरथ राहगर, नागमणि, खेमचंद नामदेव, पुरुषोत्तम महंत, सुरेश केडिया, दुर्गेश्वरी श्रीवास्तव, सालिवन शर्मा सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता व स्थानीय प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का
राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना, नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- मरीज के लिए लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉंटिस्ट
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बत्तीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
डॉ. सुमिता जैन

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज, घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी, पैर और पैर की ऊँगलियों की सर्जरी
- सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द, साइटिका एवं आर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलॉजी, फार्मेसी, ई.सी.जी, ई.ई.जी, इण्डोस्कोपी एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रूकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661


धनतेरस एवं दीपावली की
की हार्दिक शुभकामनाएं...
हॉलमार्किंग जेवर उपलब्ध
D' Dimas Gilli
के डायमण्ड ज्वेलरी विशेष आर्डर पर प्राप्त करें।
हार, कंगन, नथ, बिंदिया, अंगुठी, पायल, बिछिया आदि सभी सोने, चांदी के आभूषण के निर्माता व विक्रेता.
KISNA
कृष्णा डायमण्ड की ज्वेलरी अब चांपा में भी
वेरायटी, क्वालिटी, गारंटी उचित मूल्य
आपका विश्वास एवं सहयोग हमारी पूंजी है.
सभी प्रकार के राशि रत्न उपलब्ध.
100% शुद्ध चांदी के बर्तन, सिक्का एवं मूर्ति प्राप्त करें
प्रो. विनोद तिवारी
महराज विनोद ज्वेलर्स
प्रो. विनोद तिवारी
सेंट्रल बैंक के पास, सदर बाजार, चांपा मो. 98265-40191, 88395-85076


Hero
VIDA
इस त्योहार
घर घर
EVOOTER
WITH BaaS @JUST
₹44 990*/-
& PER km COST 1.24
STARTING @JUST
₹84 990*/-
(EXCLUDING STATE SUBSIDY)
WITH BaaS @JUST
₹44 990*/-
& PER km COST 1.24
VIDA EVOOTER
VX2
बदलते इंडिया का स्कूटर
आनंद हीरो
नहर पुल के पास, चांपा रोड, जांजगीर मो. 9289922772
ज्ञानभारती स्कूल के सामने, घठोली रोड, चांपा मो. 7909901444


Hero
समस्त क्षेत्रवासियों को धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं...
शुभ मुहूर्त आया...
हीरो साथ लाया...
Happy Diwali
दीपावली गिफ्ट
पुराना ऑन रोड कीमत
102000 ₹
अब मात्र
94000 ₹
पुराना ऑन रोड कीमत
82000 ₹
अब मात्र
75000 ₹
गोविंदराम देवांगन
प्रोप्राइटर
Hero
अधिकृत विक्रेता
श्री कमला ऑटो
कोरबा रोड बलौदा
9926515216, 9752623940

## खबर संक्षेप

### दीक्षांत समारोह में सुरेश को मिली पीएचडी की उपाधि



**नवागढ़।** जांजगीर-चांपा जिले के ख्यातिलब्ध कबड्डी खिलाड़ी नवागढ़ निवासी सुरेश सिंह पवार क्रीड़ाधिकारी बिलासा गर्ल्स डिग्री कालेज बिलासपुर को डा.सी .वी.रमन यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित द्वितीय दीक्षांत समारोह में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल महामहिम रेमन डेका केन्द्रीय मंत्री तोखन लाल साहू, उच्च शिक्षा मंत्री टंक राम वर्मा की गरिमामय उपस्थिति में पी.एच.ड़ी की उपाधि से सम्मानित किया उनके इस उपलब्धि पर क्षेत्र के कब्बड्डी खिलाड़ीयों में हर्ष व्याप्त है ।

### जय सतनाम सेवा समिति की नवीन कार्यकारिणी गठित, संत सोनंत बनें अध्यक्ष



**चांपा।** जय सतनाम सेवा समिति की बैठक रविवार 12 अक्टूबर को दोपहर 2:30 बजे से गुरु घासीदास स्मारक स्थल सतनाम भवन मिनीमाता सभा स्थल केराझरिया लछनपुर में आयोजित की गई। सम्पन्न बैठक में नगर पालिका परिषद चांपा के भाजपा पार्षद संत सोनंत को सर्व सम्मति से जय सतनाम सेवा समिति का अध्यक्ष चुना गया। बैठक का शुभारंभ बाबा गुरु घासीदास जी की पूजा - आरती कर तथा श्रीफल तोड़कर किया गया। समिति की आय - व्यय पर चर्चा के पश्चात सर्व सम्मति से समिति के नवीन पदाधिकारियों का चयन किया गया। नगर के भाजपा पार्षद संत सोनंत को समिति का अध्यक्ष, जगमोहन खांडे तथा ओमप्रकाश कुर्रे को उपाध्यक्ष, नंदलाल कुर्रे को कोषाध्यक्ष, संतोष अनंत को महासचिव, कुमार गौरव मिरी को सचिव, डॉ. ललित कुर्रे, रामलाल लहरे, डॉ. धरम लहरे, रोहित कुर्रे, दुर्गा कुर्रे को संरक्षक, निरंजन सोनंत को विधिक सलाहकार, अधिवक्ता एस.के. बघेल को सहसचिव, बृजपाल पाटले, गोपाल बर्मन को सहकोषाध्यक्ष और कार्यकारिणी में सत्यनारायण लहरे, राधे पाटले, परदेशी सोनवानी, गेंदराम कुर्रे, सुर्यभुवन मिर्रे, परदेशी कुर्रे, सतीष कुर्रे, टिकट लहरे, जितेन्द्र पाटले, चन्द्रकांत रात्रे, पुनीराम लहरे , श्रीकांत कुर्रे, शिवनारायण रात्रे, अशोक मिरी, रामनारायण कुर्रे तथा महेन्द्र महिलांगे को शामिल किया गया है। यह जानकारी संरक्षक डॉ. ललित कुर्रे ने दी ।

### नगर पालिका में सांसद प्रतिनिधि बनें योगेश



**चांपा ।** नगर भाजपा मंडल के सक्रिय एवं कर्मठ कार्यकर्ता कोरबा रोड निवासी योगेश अग्रवाल को जांजगीर-चांपा लोक सभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े द्वारा नगर पालिका परिषद चांपा के लिए सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। सांसद जांगड़े ने उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपते हुए कहा है कि वे नगर के विकास कार्यों में जन सहभागिता और समन्वय बनाए रखकर शहर विकास में अपना महत्त्वपूर्ण योगदान देंगे। उल्लेखनीय है कि योगेश अग्रवाल वर्तमान में भाजपा नगर मंडल चांपा के कोषाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय पर्यावरण व खनिज संरक्षण मंच के जिलाध्यक्ष के रुप में भी कार्यरत है। वे श्याम बाबा सेवा समिति चांपा के अध्यक्ष पद का भी दायित्व कुशलता पूर्वक संभाल रहे है। उन्हें नगर पालिका चांपा में सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किये जाने पर पार्टी कार्यकर्ताओं और श्याम बाबा सेवा समिति के सदस्यों सहित नागरिकों ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

### हज के लिए राज्य की 288 से 292 तक की प्रतीक्षा सूची कन्फर्म

**अकलतरा।** छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद इमरान एवं पूर्व चेयरमेन मोहम्मद असलम खान ने बताया कि हज कमेटी ऑफ़ इंडिया मुंबई के सर्कुलर 15 से प्राप्त सूचना अनुसार हज-2026 के लिए राज्य की सरल क्रमांक 288 से 292 तक की हज प्रतीक्षा सूची को कन्फर्म किया गया है। हज 2026 हेतु राज्य से कुल 292 आवेदक प्रतीक्षा सूची में थे जिसमें से प्रथम प्रतिक्षा सूची में 287 आवेदकों को कंफर्म किया गया था अब द्वितीय प्रतिक्षा सूची में राज्य के शेष 5 आवेदक भी कंफर्म हो चुके है। जिससे हज 2026 के लिये राज्य से आवेदन किये प्रत्येक आवेदक को हज यात्रा पूर्ण करने का अवसर प्राप्त होगा। द्वितीय प्रतिक्षा सूची से चयनित आवेदकों को यात्रा की पहली एवं दूसरी किश्त 31 अक्टूबर तक जमा कर जमा राशि की पेय स्लिप, मेडिकल सर्टिफिकेट, हज आवेदन फॉर्म मय सहपत्र 5 नवम्बर तक हज कमेटी ऑफ इंडिया की वेबसाईट में अपलोड या कार्यालय छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी रायपुर में जमा कराना है।

## निधन

### लच्छी राम यादव



**अकलतरा।** ग्राम बरपाली के प्रतिष्ठित नागरिक लच्छीराम यादव का निधन 16 अक्टूबर को हो गया। वे अपने पीछे चार पुत्र एवं एक पुत्री सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए। उनका अंतिम संस्कार ग्राम बरपाली के मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम यात्रा में परिजन एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए।वे ग्राम पंचायत कटनई के पंचायत सचिव रामायण यादव के पिता थे।

हेलमेट और सीट बेल्ट अनिवार्य, प्रारंभिक चरण में अधिकारी-कर्मचारियों के लिए चलेगा अभियान

# सड़क सुरक्षा मानकों का पालन नहीं करने पर होगी कड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

यातायात व्यवस्था सुधार को लेकर कलेक्टरोट सभाकक्ष में कलेक्टर एवं एसपी ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली। बैठक में उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा मानकों का पालन नहीं करने वाले कड़ी कार्रवाई होगी। हेलमेट और सीट बेल्ट को अनिवार्य किया गया है। प्रारंभिक चरण में अधिकारी-कर्मचारियों के लिए अभियान चलेगा। सड़कों के डार्क एंड ब्लैक स्पॉट वाले चिन्हांकित स्थानों का सुधारात्मक कार्य किया जाएगा। साथ ही स्कूल, कॉलेज में रोड सेफ्टी क्लब बनाया जाएगा एवं जागरूकता कार्यक्रम चलाएं जाएंगे।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेश की कानून-व्यवस्था की समग्र स्थिति, मादक पदार्थ नियंत्रण, सड़क सुरक्षा, साइबर अपराधों की रोकथाम और प्रशासनिक समन्वय को सुदृढ़ करने जैसे विषयों पर आवश्यक दिशा निर्देश दिए है। जिसके तारतम्य में कलेक्टर जन्मेजय महोबे एवं पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय ने शुक्रवार 17 अक्टूबर को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली। बैठक में जिले की यातायात व्यवस्था को बेहतर और सुरक्षित बनाने को लेकर कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई और संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, अपर कलेक्टर ज्ञानेंद्र सिंह ठाकुर, अपर कलेक्टर आर के तंबोली, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप, उदयन बेहार, जिला परिवहन अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने जिले में चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स की जानकारी लेते हुए वहां शीघ्र सुधारात्मक कार्य कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे स्थानों पर सांकेतिक बोर्ड, गति अवरोधक, ट्री रिफ्लेक्टर, प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं तत्काल सुनिश्चित की जाएं। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा। उन्होंने हाईवे पर मौजूद गौठानों का चिन्हांकन कर आवारा मवेशियों को नियत स्थानों में रखने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। साथ ही, जिन स्थानों पर पूर्व में दुर्घटनाएं हो चुकी हैं या जहां दुर्घटनाओं की संभावनाएं अधिक हैं, वहां विशेष सतर्कता बरतते हुए मरम्मत और सुधार कार्य समयबद्ध तरीके से पूरे करने को कहा गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि स्कूलों में सड़क सुरक्षा की जानकारी देने के लिए और जागरूकता कार्यक्रम के तहत रोड सेफ्टी क्लब बनाया जाएगा। कलेक्टर ने मोटर व्हीकल एक्ट के तहत अधिक से अधिक कार्रवाई करने और आवारा पशुओं के कारण होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ठोस उपाय अपनाने की बात कही। उन्होंने हाईवे पर स्थित उन ढाबों पर विशेष निगरानी रखने को कहा, जहां ट्रक सड़कों पर खड़े रहते हैं या मादक पदार्थों का सेवन कराया जाता है। ऐसे प्रतिष्ठानों को चिन्हित कर नोटिस जारी करने और उन पर कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए। हाईवे पर अवैध कब्जों को हटाने के लिए भी निर्देश जारी किए गए।



बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक।

उन्होंने पशु चिकित्सा विभाग को अवारा मवेशियों को सुरक्षित रखने की कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत करने कहा। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय ने सड़क सुरक्षा को लेकर आम नागरिकों में जागरूकता बढ़ाने के लिए संबंधित विभागों को समन्वय कर रोड सेफ्टी कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागीय समन्वय से अधिकारी-कर्मचारियों को हेलमेट पहनने और सीट बेल्ट उपयोग के प्रति जागरूक करने कहा। उन्होंने नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्ती से कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। हेलमेट और बेल्ट उपयोग को लेकर विशेष अभियान चलाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने जिले में पार्किंग की समस्याओं पर चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को इस दिशा में आवश्यक कार्यवाही करने के लिए कहा। उन्होंने सभी शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों को यातायात नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करने के निर्देश दिए।



छात्र-छात्राओं को सायबर सुरक्षा के संबंध में जानकारी देते पुलिस स्टाफ।

# साइबर अपराध के शिकार होने पर तुरंत 1930 पर करें कॉल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिर्रा

थाना बिर्रा के ग्राम किकिरदा स्कूल में सायबर जन जागरूकता के संबंध में जानकारी दी गई। जागरूकता कार्यक्रम में ग्राम करही व किकीरदा के लगभग 150 छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

**खास बात**
- किकिरदा स्कूल में सायबर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

गौरतलब है कि आए दिन साइबर क्राइम के मामले सामने आ रहे है। इससे बचाव के लिए पुलिस द्वारा लोगों को जागरुक किया जा रहा है। इसी क्रम में लोगों को जागरुक करने पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थाना प्रभारी बिर्रा के द्वारा सायबर अपराध के संबंध में जानकारी दी गई। सायबर अपराध से बचने, ऑनलाइन धोखाधड़ी, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के बारे भी जानकारी दी गई। डिजिटल अरेस्ट से बचने, मोबाइल पर किसी भी अनजान लिंक, एपीके फ़ाइल पर क्लिक ना करे, नशा पान सेवन से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी दिया गया। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस चाम्पा यदुमणि सिदार के कुशल मार्गदर्शन में जांजगीर -चाम्पा पुलिस द्वारा राष्ट्रीय साइबर जन-जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। किकिरदा हायर सेकेंडरी स्कूल जाकर सायबर अपराध से बचने के संबंध जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमे ग्राम करही व किकीरदा के लगभग 150 छात्र छात्राएं एवं शालेय शिक्षक शिक्षिका को आवश्यक सुरक्षा संबंधी जानकारी दिया गया। सायबर शिकायत दर्ज करने के लिए सबसे पहले हेल्पलाइन पर कॉल करें, वित्तीय धोखाधड़ी या किसी अन्य साइबर अपराध के शिकार होने पर तुरंत 1930 पर कॉल करें। इसके अलावा भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (I4सी) की वेबसाइट cybercrime.gov.in पर जाएं।

# सीएसआर मद से गांवों में कराया सीसी रोड एवं मुक्तिधाम का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

सामाजिक उत्तरदायित्व (सी. एस. आर.) के अंतर्गत आरकेएम पावर प्लांट उच्चपींडा द्वारा विकास कार्यों की सराहनीय पहल की गई है। कंपनी ने अपने सी. एस. आर फंड से ग्राम उच्चपींडा, बांधापाली, घिंवरा, धोबनीपाली एवं केकराभाठा में सीसी रोड निर्माण कार्य पूरा कराया है।

साथ ही ग्राम उच्चपींडा में मुक्तिधाम का निर्माण कार्य भी संपन्न कराया गया, जिससे ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है। ग्रामीणों ने बताया कि पहले बरसात के मौसम में कच्चे रास्तों पर आवागमन कठिन होता था, लेकिन अब सीसी रोड बनने से आवागमन सुगम और सुरक्षित हो गया है। वहीं मुक्तिधाम निर्माण से अंतिम संस्कार हेतु उचित स्थान की वर्षों पुरानी समस्या का समाधान हो गया है। आरकेएम पावर प्लांट प्रबंधन ने बताया कि कंपनी अपने सामाजिक दायित्व के तहत आसपास के ग्रामों के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है। ग्रामीणों ने इस जनहितैषी कार्य के लिए आरकेएम प्रबंधन एवं स्थानीय प्रशासन का आभार व्यक्त किया।यह पहल न केवल बुनियादी ढांचे को मजबूत करेगी, बल्कि ग्रामीण अंचलों में विकास की नई रोशनी भी फैलाएगी।



### बिर्रा में पांच दिवसीय महालक्ष्मी पूजा आज से

**बिर्रा।** दाऊमुहल्ला व शांति चौक बिर्रा में पांच दिवसीय महालक्ष्मी पूजा महोत्सव का आयोजन 18 अक्टूबर शनिवार को होगा। महालक्ष्मी पूजा महोत्सव 23 अक्टूबर तक चलेगा । महालक्ष्मी की महाआरती सुबह 8 बजे एवं शाम की आरती 7 बजकर 30 मिनट में होगा। महालक्ष्मी पूजा 18 अक्टूबर धनतेरस को बेदी पूजा, मूर्ति स्थापना और देव आव्हान, 19 अक्टूबर को नरक चतुर्दशी यम पूजा, 20 अक्टूबर को दीपावली 108 दीप प्रज्ज्वलित, 21 अक्टूबर को लक्ष्मी सरस्वती कुबेर पूजा, 22 अक्टूबर को अन्नकूट ब्राम्हण भोज, 23 अक्टूबर पूर्णाहुति हवन सहस्त्र धारा, 24 अक्टूबर को कर्मा नृत्य कीर्तन मंडली के साथ महालक्ष्मी मूर्ति का विसर्जन किया जाएगा। पांच दिवसीय महालक्ष्मी पूजा को लेकर समिति के सदस्यों व ग्रामवासियों द्वारा तैयारियां पूरी कर ली गई है।

# 211 छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

एजुकेशन ट्रस्ट द्वारा संचालित राजेंद्र कुमार सिंह उच्चतर माध्यमिक शाला अकलतरा में अकलतरा स्वास्थ्य विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ रजत जयंती वर्ष 2025 के अवसर पर विद्यालय के मिडिल स्कूल के छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

- राजेंद्र कुमार सिंह स्कूल में विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दी गई दवाइयां

डॉ आर एल घृतलहरे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जांजगीर चांपा, डॉ महेंद्र सोनी अकलतरा विकासखंड चिकित्सा अधिकारी के कुशल मार्गदर्शन में शाला के प्राचार्य आर के विश्वकर्मा की उपस्थिति में डॉक्टर स्वप्निल दुबे एवं डॉ मधुलिका श्रीवास एवं टीम द्वारा के छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा आवश्यक स्वास्थ्य परामर्श छात्र-छात्राओं को दिया गया। डॉ मधुलिका द्वारा शारीरिक एवं मानसिक स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के विषय में छात्रों को जागरूक किया गया। शिविर में 75 बालिकाओं तथा 136 बालको कुल 211 छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं आवश्यक दवाइयां चिरायु टीम द्वारा छात्रों को वितरित की गई। इस दौरान छात्रों का स्वास्थ्य कार्ड भी बनाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त स्टाफ ने सहयोग किया।



बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करते चिकित्सक।

# छात्र-छात्राओं ने अंतर विवि कबड्डी प्रतियोगिता में किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पामगढ़

डॉ भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय पामगढ़ के छात्र-छात्राओं ने अंतर विश्वविद्यालयीन कबड्डी प्रतियोगिता में अपने प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए महाविद्यालय को गौरवान्वित किया।

बालक वर्ग में एम.ए.प्रथम सेमेस्टर छात्र गितेश सारथी , बालिका वर्ग में तृतीय सेमेस्टर की छात्रा भावना, कला और रागनी का चयन राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में हुआ ,जहां उन्होंने अच्छा प्रदर्शन करते हुए शाहिद नंद कुमार पटेल विश्वविद्यालय की कबड्डी टीम में अपनी जगह बना ली। डॉ सी.वी रमन विश्वविद्यालय कोटा में 6 से 14 अक्टूबर तक संपन्न हुए पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालयीन कबड्डी प्रतियोगिता में इन सभी छात्रों ने अपने प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए महाविद्यालय का नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता में देश के नौ राज्यों की टीमें शामिल हुई। उनकी इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस.के यादव, प्राध्यापक डॉ. एस.के त्रिपाठी, डॉ. एस.आर. महेंद्र, डॉ आशीष तिवारी, डॉ श्वेता जैन, सुश्री.मीरा टंडन, श्रीमती चांदनी छाबड़ा ,श्रीमती संतोषी उराव, श्रीमती लक्ष्मी गौरी कुजूर सुमन, आर एस विश्वकर्मा, सूर्यकांत सिंह जयदेव, विक्रम सिंह आजाद, सुश्री. तारिक नायक, सुश्री. अंकिता कारभाल द्वारा छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी गई।



उपस्थित खिलाड़ी।

# देश राग सांस्कृतिक महोत्सव में डीपीएस के नन्हें सितारों ने बिखेरी प्रतिभा की ज्योति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चांपा

भिलाई में 6 से 12 अक्टूबर तक आयोजित राष्ट्रीय 'देश राग सांस्कृतिक महोत्सव' में दिल्ली पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने अपनी अद्भुत कला, संगीत और सृजनशीलता की झंकार से ऐसा समां बांधा कि पूरा मंच डी.पी.एस. के नाम से गूंज उठा।
इन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने डांस, म्यूजिक, इंस्ट्रूमेंट, ड्राइंग एवं पेंटिंग जैसी विविध प्रतिस्पर्धाओं में भाग लेकर अपनी मेहनत, लगन और सृजनशीलता से विद्यालय का नाम स्वर्ण अक्षरों में अंकित कर दिया। जूनियर ग्रुप, उपशास्त्रीय गायन में सुयश महंत ने प्रथम, जयेश जागृति ने द्वितीय, आर्यवीर सिंह ने तृतीय एवं अनिमेष सोनी ने तृतीय स्थान अर्जित कर अपनी सुरीली प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया।,वहीं देशभक्ति गीत में चैतन्या सिंह ने स्वर साधना की गूंज से प्रथम स्थान प्राप्त कर श्रोताओं की आँखों में देश प्रेम की चमक भर दी। सीनियर ग्रुप एकल नृत्य में प्राची मिश्रा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी भावनात्मक अभिव्यक्ति और नृत्य लय से सबका हृदय जीत लिया। लोकनृत्य की मोहक प्रस्तुति में श्रुति राजवाड़े ने प्रथम स्थान पाकर छत्तीसगढ़ी संस्कृति की झलक पूरे मंच पर बिखेर दी। सीनियर ग्रुप लोक नृत्य में दिव्यंका जीत राय, भूमि श्री जीत राय एवं चेल्सी जीत राय की त्रिमूर्ति ने समन्वय और तालमेल का ऐसा अद्भुत संगम प्रस्तुत किया कि उन्हें द्वितीय स्थान से नवाजा गया। जूनियर ग्रुप चित्रकला प्रतियोगिता में शिक्षा तिवारी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर रंगों से सजी कल्पना की दुनिया रच डाली। वहीं सब-जूनियर ग्रुप में मयंक टंडन ने प्रथम स्थान पाकर अपनी कला से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।






संगठन सृजन अभियान के तहत पर्यवेक्षकों ने कार्यकर्ताओं से की वन-टू-वन चर्चा

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच से ही चुना जाएगा जिलाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

कांग्रेस जिलाध्यक्ष चुनाव को लेकर पार्टी द्वारा नियुक्त किए गए पर्यवेक्षकों ने कार्यकर्ताओं से वन-टू-वन चर्चा की। वहीं इस दौरान जिलाध्यक्ष पद के लिए 25 से अधिक आवेदन पत्र प्राप्त हुए।

संगठन सृजन अभियान के तहत जिला कॉंग्रेस कमेटी के अध्यक्ष की नियुक्ति हेतु अखिल भारतीय कॉंग्रेस कमेटी ने कार्यकर्ताओं के बीच से जिलाध्यक्ष चुनने की मंशा को लेकर प्रत्येक जिलों में पर्यवेक्षक भेजकर दावेदार का आवेदन करने की प्रक्रिया कॉंग्रेस पार्टी आमजनता सामाजिक संगठनों बुद्धजीवियों से फीडबैक लिया जा रहा है। जिला सक्ती के लिये अखिल भारतीय कॉंग्रेस कमेटी ने अलीगढ़ के पूर्व विधायक विवेक बंसल को पर्यवेक्षक बनाकर सक्ती भेजा। साथ में छत्तीसगढ़ कॉंग्रेस कमेटी ने वरिष्ठ कॉंग्रेस नेता पूर्व मंत्री सत्यनारायण शर्मा, विधायक जनक ध्रुव, पूर्व राज्यसभा सांसद इंग्रिड मेक्लाउड को सह पर्यवेक्षक बनाया। शहर से लगे हुए होटल वासु रिसोर्ट में दो दिनों से जिले से स्थानीय विधायक नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महन्त, विधायक चंद्रपुर रामकुमार यादव, पूर्व मंत्री नोवेल वर्मा, चैन सिंह सामले, जिला कॉंग्रेस के अध्यक्ष त्रिलोक चन्द जायसवाल सहित दावेदारी करने वाले कॉंग्रेसजनो उनके समर्थकों पंचायत प्रतिनिधि, पालिका नगर पंचायत के पार्षद गण विभिन्न प्रकोष्ठों के जिलाध्यक्ष उपस्थित रहे। नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महन्त ने पत्रकार वार्ता में ही अस्पष्ट कर दिया था अखिल भारतीय कॉंग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के मंशा अनुरूप ही कॉंग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच से ही जिलाध्यक्ष चुना जाएगा। पर्यवेक्षक विवेक बंसल ने बताया कि वे सक्ती के अलावा मालखरौदा, डभरा, हसौद जैजैपुर जाकर कार्यकर्ताओं एवं अन्य लोगों से चर्चा में जो बात सामने आएगी वही रिपोर्ट हाईकमान को प्रेषित की जाएगी, जिसमें 6 दावेदारों नाम भेजना है। जिले में कितने दावेदारों ने अपना आवेदन पत्र प्राप्त हुए है इसकी जानकारी तो नहीं मिल पाई, लेकिन 25 से अधिक आवेदन पत्र जमा होने की बात सामने आई हैं।



पर्यवेक्षक को आवेदन पत्र सौंपते कांग्रेस पदाधिकारी।

